## साउथ दिल्ली के फतेहपुर बेरी थानाक्षेत्र के आया नगर में हुई वारदात

# अधेड़ की ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

साउथ दिल्ली के फतेहपुर बेरी थानाक्षेत्र के आया नगर में रविवार तड़के अधेड़ की ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान आया नगर निवासी 52 वर्षीय रतन पुत्र लेखी राम के रूप में हुई है। हत्या का केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है। हमलावरों का पता लगाने के लिए आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक सुबह 6.25 बजे आया नगर में फायरिंग और एक व्यक्ति घायल होने की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति गोली लगने से मृत पाया गया। मृतक के भतीजे धर्मेंद्र के मुताबिक रतन आया नगर के बाबा मोहल्ले में रहते थे। शिवराज कॉलोनी में उनकी डेयरी है। सुबह छह बजे वह डेयरी जा रहे थे। कॉलोनी के मोड़ पर अग्रवाल स्वीट्स के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। शुरुआती तफ्तीश में पता चला कि मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा लगता है। हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है।



### पुराने हत्या केस से जुड़े तार

सूत्रों का कहना है कि 15 मई को छतरपुर मेट्रो स्टेशन के पास हुई अरुण लोहिया (24) की हत्या से मामले के तार जुड़ रहे हैं। मृतक के भतीजे धर्मेंद्र के मुताबिक 30 से 40 राउंड फायर कर शरीर छलनी कर दिया गया है। अरुण भी आया नगर का ही रहने वाला था। रतन के बेटे दीपक से उसकी पुरानी रंजिश थी। अरुण की हत्या के मामले में फिलहाल वह जेल में बंद है। परिजनों का आरोप है कि बदला लेने के लिए रतन की हत्या की गई है।

## सीआईएसएफ के हेड कांस्टेबल ने शादी में नाबालिग को गोली मारी, मौत

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के एमएस पार्क इलाके में एक शादी समारोह के दौरान हुये विवाद में सीआईएसएफ के हेड कॉन्स्टेबल ने नाबालिग को गोली मार दी। घटना में किशोर की मौत हो गई। मृतक का नाम साहिल (17) बताया गया है। पुलिस ने आरोपी हेड कांस्टेबल को अरेस्ट कर उसकी पिस्टल जब्त कर ली है। इस घटना से शादी का खुशी का माहौल मातम में बदल गया। पुलिस के अनुसार एमएस पार्क के डीडीए मार्केट स्थित कम्युनिटी सेंटर में शनिवार रात एक शादी समारोह था। सुल्तानपुरी से बारात आई थी। सामुदायिक भवन थाने के नजदीक ही स्थित है। आशंका है कि नाबालिग शादी में पैसे लूट रहा था। इसको लेकर उसका हेड कॉन्स्टेबल से विवाद हो गया। गुस्से में हेड कॉन्स्टेबल ने उसे गोली मार दी। आरोपी का नाम मदन गोपाल तिवारी बताया गया है। वह इटावा के भारताना गांव का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि जानकारी मिलने पर टीम ने घटनास्थल का दौरा किया गया। क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि मृतक नाबालिग न्यू मॉडर्न शाहदरा का रहने वाला है। गोली लगने पर उसे हेडगेवार हॉस्पिटल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हेड कांस्टेबल कानपुर में तैनात बताया गया है।

# वसंत कुंज में मर्सिडीज ने तीन लोगों को कुचला, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



वसंत कुंज इलाके में नेल्सन मंडेला मार्ग पर स्थित एंबियंस मॉल के पास शनिवार देर रात एक मर्सिडीज चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुये स्टैंड पर खड़े तीन लोगों को कुचल दिया। इनमें एक शख्स की मौत हो गयी। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार यह घटना शनिवार आधी रात के बाद 2.33 बजे हुई। वसंत कुंज उत्तर थाने में हादसे के बारे में एक पीसीआर कॉल आई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, जहां उन्हें बुरी तरह क्षतिग्रस्त एक मर्सिडीज जी63 मिली। पुलिस के मुताबिक तीन युवक मौके पर घायल मिले, जिनकी उम्र 23, 35 और 23 साल थी। ये सभी मॉल के एक रेस्तरां के कर्मचारी थे। तीनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उत्तराखंड के चमोली निवासी रोहित (23) को मृत घोषित कर दिया गया। दो अन्य का उपचार चल रहा है। एसयूवी वाहन के चालक का नाम शिवम (29) बताया गया है। वह करोल बाग का रहने वाला है। उसे पकड़ लिया गया है। आरोपी चालक एक विवाह में शामिल होकर घर लौट रहा था और दुर्घटना के समय उसकी पत्नी और बड़ा भाई भी उसके साथ थे। शुरुआती पुलिसिया जांच से पता चला कि मार्ग परिवर्तन के बाद चालक का वाहन पर से नियंत्रण बिगड़ गया, जिसके बाद वह एक ऑटो स्टैंड की तरफ मुड़ गया और वहां ऑटोरिक्शा का इंतजार कर रहे तीन लोगों को टक्कर मार दी। कार आरोपी के दोस्त अभिषेक के नाम पर पंजीकृत है।

## चाकूबाजी केस में तीन नाबालिगों समेत चार दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के वेस्ट विनोद नगर इलाके में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के आरोप में 18 वर्षीय युवक और तीन नाबालिग आरोपी पकड़े गये हैं। पकड़े गये शख्स का नाम सनी उर्फ तनिश बताया गया है। वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद हो गया है। मधु विहार पुलिस मामले की आगे जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार यह वारदात 27 नवंबर को तब हुई, जब चार हमलावरों ने व्यक्तिगत विवाद के बाद पीड़ित पर हमला किया। घायल को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसकी पीठ के निचले हिस्से और हाथ पर चाकू के घाव पाए। पीड़ित के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस की एक टीम ने शनिवार रात मुख्य आरोपी सनी उर्फ तनिश को गिरफ्तार कर लिया। हमले में शामिल तीन किशोरों को भी पकड़ा गया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने हमले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के मुताबिक यह हमला पीड़ित और आरोपी समूह के बीच आपसी विवाद व पुरानी रंजिश के चलते हुआ है। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

# एक पखवाड़े बाद दिल्ली का प्रदूषण घटा एक्यूआई खराब श्रेणी में 270 दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

करीब एक पखवाड़े बाद वीकेंड पर रविवार को दिल्ली में वायु प्रदूषण में राहत भरी कमी दर्ज हुई है। लगभग 16 दिनों के बाद सुबह का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 270 दर्ज हुआ जो खराब श्रेणी में आता है। हालांकि दिल्ली में कई जगहों पर अब भी एक्यूआई 300 पार मतलब बहुत खराब श्रेणी में दर्ज हुआ। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार लगातार 16 दिनों तक दिल्ली की हवा बेहद खराब और गंभीर श्रेणी में दर्ज हो रही थी। लेकिन अब एक्यूआई में सुधार दिख रहा है, हवा की दिशा और गति में बदलाव तथा पराली जलाने में कमी से दिल्ली की हवा में प्रदूषण स्तर घटा है। सुबह 6:05 बजे तक दिल्ली का औसत



एक्यूआई 270 दर्ज दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में माना जाता है। जबकि इससे पहले लगातार 16 दिन तक एक्यूआई बेहद खराब व गंभीर श्रेणी में दर्ज किया जा रहा था। उस लिहाज से देखा जाए तो दिल्ली को लगभग 2 हफ्ते बाद राहत की सांस मिली है। वहीं दिल्ली की हवा में मामूली सुधार हुआ है, उसका असर पर प्रदूषण कम करने पर दिखाई दे रहा है। इस बारे में मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि हवा की दिशा और गति में बदलाव तथा पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं में कमी से वायु प्रदूषण स्तर में गिरावट आई है। वहीं स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत की माने तो अगले दो दिनों तक दिल्ली की हवा की गति तेज होने की संभावना है, जिससे एक्यूआई बढ़ने की संभावना कम है। लेकिन खराब एक्यूआई से नीचे यानी मध्यम श्रेणी में आने में अभी और समय लगेगा। सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली के कई क्षेत्रों में सबसे ज्यादा जहरीली हवा दर्ज हुई। इनमें शादीपुर में 336, जहांगीरपुरी में 324, नेहरू नगर में 319, आर.के. पुरम में 308, दिलशाद गार्डन में 303, सिरीफोर्ट में 295, रोहिणी में 292, विवेक विहार में 290 और पूसा में 284 एक्यूआई दर्ज हुआ। सीपीसीबी के आंकड़े बताते हैं कि शनिवार को एक्यूआई 305 रहा, शुक्रवार को 369, गुरुवार को 377, बुधवार को 327, मंगलवार को 352 और सोमवार यानी 24 नवंबर 2025 को 382 एक्यूआई दर्ज हुआ था।

## दिल्ली पुलिस ने 350 से अधिक अधिकारियों को उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण दिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने 350 से अधिक अधिकारियों को विभिन्न राष्ट्रीय और आंतरिक तकनीकी प्रशिक्षण देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस मुख्यालय के आदर्श सभागार में शनिवार को आयोजित यह सत्र पुलिस प्रमुख सतीश गोलचा की देखरेख में आयोजित किया गया। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार पुलिस बल की विभिन्न इकाइयों से कुल 310 निरीक्षकों और 41 सहायक पुलिस आयुक्तों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

इस पहल का उद्देश्य पुलिस बल की तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करना है, ताकि अधिकारियों को जांच, निगरानी और डेटा-संचालित कार्यों के लिए उन्नत तकनीक के उपयोग में व्यावहारिक कौशल से लैस किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान, अधिकारियों को अपराध कुंडली, 'अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम' (सीसीटीएनएस), 'राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली' (एनएएफआईएस), 'केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर' (सीईआईआर), 'राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड' (एनएटीग्रिड), 'मानस पोर्टल' और कई अन्य तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जटिल, अंतर-राज्यीय और साइबर-अपराधों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग आवश्यक होता जा रहा है। इस दौरान, पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## खुले में कूड़ा डाल लगा दी जाती है आग

नई दिल्ली। दिल्ली और देहात के कई इलाकों में रात के समय खुले में पड़े कचरे को जलाने का सिलसिला लगातार जारी है। कचरा जलाने से निकलने वाला धुआं न केवल हवा को जहरीला बना रहा है बल्कि आसपास रहने वाले लोगों की सेहत पर भी गंभीर असर डाल रहा है। आजादपुर, अलीपुर, नरेला, बुराड़ी के स्थानीय निवासियों का कहना है कि देर रात कुछ लोग सफाई के नाम पर सड़कों के किनारे पड़े सूखे पत्ते, प्लास्टिक और घरेलू कचरे में आग लगा देते हैं। रात के समय इतनी बदबू और धुआं होता है कि सांस लेना मुश्किल हो जाता है। वहीं, पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, प्लास्टिक और रबर जैसे कचरे को जलाने से अत्यंत हानिकारक रसायन निकलते हैं, जो फेफड़ों की बीमारियां, एलर्जी और यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ाते हैं।

# संविधान के नियमों का करें पालन और बनें जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



■ अंतर-सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया आयोजन

दिल्ली देहात के नरेला स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 'हमारा संविधान, हमारा गौरव' विषय पर हाल ही में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को भारतीय संविधान के महत्व और मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान शिक्षक चित्तरंजन गौतम ने छात्रों को संविधान के नियमों का पालन करने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी गई। संविधान दिवस पर ऑनलाइन प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों ने उन्हें सहृदय नमन किया और उनके योगदान को याद किया। समारोह का मुख्य आकर्षण 'संविधान दिवस एवं भारतीय संविधान' विषय पर आयोजित अंतर-सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रही। इसमें छात्रों ने संविधान से जुड़े प्रश्नों के उत्तर देकर अपने ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक (जज) की भूमिका दीपक कुमार (टीजीटी - गणित) और रितु (पीजीटी - राजनीति विज्ञान) ने निभाई। प्रश्नोत्तरी के कड़े मुकाबले के बाद पहले स्थान पर शिवाजी सदन, दूसरे स्थान पर अशोक सदन और तीसरे स्थान पर रमन सदन ने जीत दर्ज की।

## रविवार को अधिकतम पारा सबसे कम 24.3 डिग्री दर्ज, न्यूनतम पारा 8 डिग्री, शीतलहर हुई महसूस

नई दिल्ली। रविवार को दिल्ली में एक बार फिर मौसम ने करवट ली और अधिकतम पारा लुढ़ककर तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.7 डिग्री कम है। इसके साथ ही अधिकतम पारा इस नवंबर महीने में मौसम का सबसे कम न्यूनतम तापमान है। इसके साथ ही न्यूनतम पारा भी लुढ़ककर सिंगल डिजिट 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि शनिवार को न्यूनतम पारा 10 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ था। वहीं सुबह के समय चली ठंडी हवाओं ने राजधानी वालों को शीत लहर का अहसास कराया। हालांकि अभी तक मौसम विभाग ने शीतलहर की घोषणा नहीं की है। भारतीय प्रादेशिक मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम में सबसे कम रहा। जबकि इससे पहले इस मौसम में सबसे कम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले साल 18 नवंबर को अधिकतम तापमान सबसे कम 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस बीच, दिल्ली में रविवार का दिन पिछले पांच साल में नवंबर माह में सबसे ठंडा रहा। रात के समय तापमान आठ डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जो पिछले तीन साल में सबसे कम रहा और मासिक औसत न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंकड़ों के अनुसार, इस साल अब तक शहर का सबसे कम न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि पिछले साल यह 9.5 डिग्री सेल्सियस और 2023 में 9.2 डिग्री सेल्सियस था।

# स्पेशल सेल ने आतंकी मॉड्यूल का किया पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ यूपी, एमपी और पंजाब से तीन दबोचे

स्पेशल सेल ने गैंगस्टर से आतंकवादी बने शहजाद भट्टी के पाकिस्तान समर्थित इंटरनेशनल और इंटरस्टेट टेरर मॉड्यूल भंडाफोड़ किया है। तीन मुख्य ऑपरेटिव गिरफ्तार किये गये हैं। ये 25 नवंबर को गुरदासपुर के सिटी पुलिस स्टेशन के बाहर ग्रेनेड हमले में शामिल थे।

एडिशनल सीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा के अनुसार सेल की ईस्टर्न रेंज टीम द्वारा गिरफ्तार किये गये टेरर मॉड्यूल के तीनों सदस्यों के नाम विकास प्रजापति उर्फ बेटू (19), हरगुनप्रीत सिंह उर्फ गुरकरणप्रीत सिंह (19) और आसिफ उर्फ आरिश (22) है। इनके पास से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और 10 कारतूस बरामद हुये। इनके मोबाइल में शहजाद भट्टी और उसके विदेश में बैठे मॉड्यूल के साथ सोशल मीडिया चैट भी मिली हैं। विकास दतिया, मध्य प्रदेश, हरगुनप्रीत सिंह फिरोजपुर, पंजाब और आसिफ गांव मच्छमार, थाना-रेहर, बिजनौर, यूपी का रहने वाला है। कुशवाहा ने बताया कि सेल भारत में आतंकी गतिविधियों की प्लानिंग में शामिल पाकिस्तान के हैंडलर शहजाद भट्टी पर सीक्रेट नजर रख रही थी। मॉनिटरिंग के दौरान पता चला कि हथियारों की तस्करी के एक मामले में वॉन्टेड विकास प्रजापति अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भट्टी के लगातार कॉन्टैक्ट में था। उसकी लोकेशन पंजाब के गुरदासपुर में और फिर दिल्ली की ओर लौटने के रास्ते पर मिली। भट्टी उसे रेगुलर तौर पर सुरक्षा के लिए अपना फोन बंद करने की सलाह देता था। 48 घंटे की लगातार सर्च के बाद विकास को इंदरगढ़, दतिया (मध्य प्रदेश) से सफलतापूर्वक ट्रैक कर गिरफ्तार किया गया।

### सोशल मीडिया पर करते है युवाओं को टारगेट

पाकिस्तानी हैंडलर शहजाद भट्टी और उसके साथी सोशल मीडिया के जरिए युवा भारतीयों को टारगेट करते थे। वे उन्हें पैसे का लालच देते थे और उनके सोशल मीडिया प्रोफाइल को स्कैन करके नए लोगों को चुनते थे। पूछताछ में पता चला कि यह एक स्ट्रक्चर्ड फॉरेन कंट्रोल्ड टेरर मॉड्यूल था जो भारत में पब्लिक जगहों पर ग्रेनेड अटैक करने के लिए पैसे का लालच, रिमोट इंस्ट्रक्शन और डिस्पोजेबल फुट सोल्जर का इस्तेमाल करता था। पुलिस इनसे जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

## जमीन कब्जाने के केस में नवीन खाती गिरोह का बदमाश गिरफ्तार

■ बदमाश से अवैध पिस्टल भी हुआ बरामद

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ ने जमीन कब्जाने के मामले में वांछित नवीन खाती गिरोह के एक सक्रिय बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम वरुण भारद्वाज उर्फ मन्नू पंडित (39) बताया गया है। इसके खिलाफ डाबडी थाने में केस दर्ज था। जांच में पता चला कि आरोपी दर्जनों आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

पुलिस के अनुसार इसे तिलक विहार स्थित सीआरपीएफ स्कूल के निकट रोका गया था। तलाशी के दौरान उसके पास से देसी कट्टा और कारतूस मिला। 12वीं कक्षा तक पढ़ा भारद्वाज हत्या के मामले में सात साल जेल में रह चुका है और 2021 में रिहाई के बाद फिर से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो गया था।

## मंडी प्रशासन की लापरवाही से हजारों मजदूरों के अधिकार अधर में

# आजादपुर मंडी : 45 साल बाद भी 'मंडी बाइलॉज 1980' नहीं हुआ लागू

दया राम ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली स्थित एशिया की सबसे बड़ी फल एवं सब्जी मंडी 'आजादपुर मंडी' में मजदूरों के हक से जुड़ा 'मंडी बाईलॉज 1980' आज तक कागज़ों में ही सीमित है। मजदूरों के हितों की रक्षा और कामकाज की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए इस बाईलॉज का पालन न होने से हज़ारों कामगार असुरक्षा और अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। मंडी कामगार यूनियन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता हरवीर सिंह ने बताया कि 'मंडी बाईलॉज 1980'




के अनुसार जब भी किसी कारोबारी या कमीशन एजेंट को मंडी में व्यापार करने का लाइसेंस दिया जाता है, तो उसे अपने साथ काम करने वाले मजदूरों का पूरा विवरण मंडी प्रशासन को देना आवश्यक होता है। लेकिन वर्तमान में न तो मंडी प्रशासन के पास ऐसा कोई रिकार्ड है, और न ही इसका पालन कराया जा रहा है। हरवीर सिंह ने कहा कि हमने इस संबंध में मंडी प्रशासन को कई बार पत्र लिखे और बैठकें भी हुईं, लेकिन आज तक न तो कोई ठोस कदम उठाया गया, न ही यूनियन को किसी निर्णय की लिखित जानकारी दी गई। वही, मंडी के कामगारों का कहना है कि बाईलॉज का पालन न होने से मजदूरों को पहचान, बीमा, और अन्य कानूनी सुरक्षा से वंचित रहना पड़ता है। इससे न केवल मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा प्रभावित होती है, बल्कि उनके अधिकारों का भी लगातार हनन होता है।

यूनियन ने मांग की है कि मंडी प्रशासन तत्काल 'मंडी बाईलॉज 1980' को प्रभावी रूप से लागू करे, सभी लाइसेंसधारी कारोबारियों से मजदूरों का अद्यतन विवरण मांगे और कामगारों की सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं को सख्ती से लागू करे। हरवीर सिंह ने चेतावनी दी कि अगर मजदूरों के अधिकारों की अनदेखी जारी रही, तो यूनियन आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होगी।

## बेकाबू कार पेड़ से टकराई, महिला की मौत, बच्ची समेत पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली




आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना अंतर्गत रविवार तड़के एक जानलेवा एक्सीडेंट हुआ। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि एक छह माह की बच्ची समेत पांच लोग घायल हैं। सभी घायलों का पीतमपुरा के सरोज अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार 30 नवंबर को को सुबह करीब 5:14 बजे नरेला बवाना रोड पर, घोगा क्रॉसिंग के पास एक एक्सीडेंट की जानकारी मिली। राहगीर संजीव ने हादसे की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची जहां एक फ्रोंक्स कार नंबर एचआर13-डब्ल्यू-4074, सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई थी। कई लोग घायल हो गए थे। उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां ज्योति (21) नामक महिला को मृत घोषित कर दिया गया। दूसरे घायलों का इलाज सरोज हॉस्पिटल पीतमपुरा में चल रहा है। घायलों में प्रशांत (22) निवासी खरखोदा, सोनीपत, अमित (24) निवासी फ्लैट नंबर 2306, मनसा अपार्टमेंट्स, नरेला, दो महिला 21 व 22 वर्ष और एक छह महीने का बच्चा शामिल है। मृतक महिला गांव हलालपुर, कुंडली, सोनीपत की रहने वाली थी। शव को पोस्टमॉर्टम जांच और आगे की कार्रवाई के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल भिजवाया गया है।

## एमसीडी उपचुनाव 2025 : शाम 5:30 बजे तक 38.51 प्रतिशत मतदान दर्ज

# 12 वार्डों में शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से हुआ मतदान : डॉ विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली के 12 वार्डों में आयोजित 'एमसीडी उपचुनाव 2025' के लिए मतदान रविवार को पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग में आयुक्त डॉ विजय देव ने रविवार को चुनाव मतदान के बाद यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग की टीम की तरफ से किए गए व्यापक और सटीक प्रबंधन की बदौलत कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी, उपद्रव या तकनीकी दिक्कत की खबर नहीं आई। निर्वाचन आयोग के अनुसार, शाम 5:30 बजे तक कुल 38.51 प्रतिशत (अनंतिम) मतदान दर्ज किया गया। आयोग ने बताया कि 'ईवीएम में किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी या मतदान में अवरोध का मामला सामने नहीं आया' और सभी मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया लगातार सुचारू रूप से जारी रही।

### लाइव वेबकास्टिंग निगरानी जैसी व्यवस्थाएँ की गई

निर्वाचन आयुक्त डॉ विजय कुमार देव ने बताया कि चुनाव को पारदर्शी, सुलभ और मतदाता-केंद्रित बनाने के लिए 'लॉजिस्टिक प्रबंधन, मतदाता सुविधा, और लाइव वेबकास्टिंग निगरानी' जैसी व्यवस्थाएँ की गई थीं। इन तैयारियों के चलते मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और अप्रिय घटनाओं से दूर रही।



### निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित निर्वाचन प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध

राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा कि वे भविष्य में भी 'निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित निर्वाचन प्रक्रिया' के लिए प्रतिबद्ध हैं। आयोग ने अपनी निर्वाचन टीम, सभी मतदाताओं और मीडिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिकों के सहयोग से लोकतांत्रिक प्रक्रिया और मजबूत होती है।

### चांदनी महल वार्ड ने सबसे अधिक जबकि ग्रेटर कैलाश में मतदान प्रतिशत रहा सबसे कम

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार वार्ड 35 मुंडका में 44.5 प्रतिशत, वार्ड 56 शालीमार बाग-बी में 37.53 प्रतिशत, वार्ड 65 अशोक विहार में 33.82 प्रतिशत, वार्ड 74 चांदनी चौक में 35.65 प्रतिशत, वार्ड 76 चांदनी महल में 55.93 प्रतिशत (सबसे अधिक), वार्ड 120 द्वारका-बी में 29.76 प्रतिशत, वार्ड 128 दिचाऊं कलां में 37.2 प्रतिशत, वार्ड 139 नारायणा में 42.76 प्रतिशत, वार्ड 163 संगम विहार ए में 44.4 प्रतिशत, वार्ड 164 दक्षिण पुरी में 40.23 प्रतिशत, वार्ड 173 ग्रेटर कैलाश में 26.76 प्रतिशत (सबसे कम) और वार्ड 198 विनोद नगर 36.47 प्रतिशत दर्ज किया गया। एमसीडी उपचुनाव 2025 का मतदान बिना किसी अवरोध के सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और निर्वाचन आयोग ने इसे पूरी तरह शांतिपूर्ण और संतोषजनक करार दिया।

## सीएम रेखा गुप्ता ने परिवार संग शालीमार बाग वार्ड में किया मतदान



हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग के वार्ड 56 एपी ब्लॉक में पहुंचकर परिवार संग मतदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि नगर निगम के उपचुनाव में अपने बूथ पर सपरिवार मतदान कर अपने लोकतांत्रिक दायित्व का पालन किया। मतदान हमारे लोकतंत्र की पवित्र प्रक्रिया का अभिन्न अंग है और इसमें हमारी सक्रिय सहभागिता लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाती है। प्रदेश के 12 वार्डों में हो रहे इस उपचुनाव के अवसर पर मैं सभी मतदाताओं से विनम्र आग्रह करती हूं कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपना बहुमूल्य वोट अवश्य दें। आपका प्रत्येक मत स्थानीय शासन की दिशा तय करने के साथ ही दिल्ली के समग्र विकास, सुशासन और पारदर्शिता की मजबूत आधारशिला रखने में भी निर्णायक भूमिका निभाता है। गौरतलब है कि गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल शालीमार बाग में बने वार्ड 56 पोलिंग बूथ को पूरी तरह से सजाया गया था। यहां सभी इंतजाम बहुत अच्छे से किए गए थे। बुजुर्ग और दिव्यांग लोगों के लिए व्हीलचेयर आदि की पूरी व्यवस्था थी। वहीं बूथ पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था जहां मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी मतदान करने के बाद अपनी सेल्फी ली। वहीं अन्य मतदाताओं ने भी सेल्फी ली।

## महापौर ने एमसीडी उप-चुनाव में दिल्लीवासियों की बड़ी भागीदारी पर जताया आभार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इक़बाल सिंह ने एमसीडी उप-चुनाव के दौरान 12 वार्डों में बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए दिल्ली की जनता का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में एमसीडी और दिल्ली प्रशासन के समर्पित प्रयासों और सतत निगरानी के कारण उप-चुनाव शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और सफलता पूर्वक संपन्न हो सके। भाजपा के प्रति नागरिकों द्वारा दिखाए गए विश्वास को लेकर आत्मविश्वास प्रकट करते हुए महापौर राजा इक़बाल सिंह ने दिल्ली के सभी नागरिकों का हृदय से आभार व्यक्त किया है। महापौर ने कहा कि बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती दी और एक बार फिर भाजपा पर भरोसा जताया। महापौर ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का विशेष धन्यवाद प्रकट किया। महापौर राजा इक़बाल सिंह ने कहा कि भाजपा पारदर्शी शासन, उत्कृष्ट नागरिक सुविधाओं और सतत जनकल्याणकारी प्रयासों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। महापौर ने कहा कि जनता का यह व्यापक समर्थन दिल्ली की सेवा के लिए भाजपा के संकल्प को और मजबूत करता है। महापौर ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि भाजपा सभी 12 वार्डों में स्पष्ट और निर्णायक विजय प्राप्त करेगी।

### कांग्रेस ने लगाए वोट षड्यंत्र के आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के 12 वार्ड पर रविवार को हुए उपचुनाव का लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाए है कि भाजपा ने चुनाव आयोग से मिलकर वोट षड्यंत्र किया है। यादव ने आरोप लगाए है लेकिन खुद उनके नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में एक टीम लगातार उपचुनाव के लिए हो रहे मतदान पर पैनी नजर रख रही थी। बकायदा कार्यकर्ताओं को इस बारे में खास निर्देश दिए गए थे कि मतदान के दौरान कहीं भी गड़बड़ी हो तो तुरंत कंट्रोल टीम को सूचना दें। बावजूद इसके यादव के आरोप है कि उपचुनाव के दौरान मतदान में षड्यंत्र हुआ है। यादव ने इस मुद्दे पर सोशल मीडिया पर फोटो सहित पोस्ट करते हुए लिखा कि एमसीडी उपचुनाव में हो रही वोट चोरी का किस्सा नम्बर-एक। नारायणा वार्ड के बूथ नंबर 33 पर 277 सीरियल पर निगम प्रतिभा विद्यालय के पोलिंग स्टेशन पर पूनम का वोट किसी और ने डाल दिया है। दूसरी पोस्ट में यादव ने लिखा कि वोट चोरी का किस्सा नम्बर- दो। जिसमें उन्होंने लिखा कि वजीरपुर में एक ही आदमी की तस्वीर 91 बार अलग–अलग नाम, जेंडर और पते के साथ एक ही बूथ नंबर 13 पर कई बार दर्ज की गई है। यादव ने आरोप लगाते हुए लिखा कि यह साफ सबूत है कि एमसीडी के उपचुनाव में खुलेआम वोट चोरी की जा रही है। एक ही चेहरे को 91 बार वोटर लिस्ट में डालना लोकतंत्र के साथ सीधा धोखा है। यादव ने कहा कि यह चुनाव निष्पक्ष नहीं है और इन सब के बावजूद चुनाव आयोग की चुप्पी शर्मनाक है। बता दें कि कांग्रेस लंबे समय से वोट षड्यंत्र के आरोप लगाती रही है। यादव ने इस पोस्ट में फोटो पोस्ट किया है। बता दें कि कांग्रेस राहुल गांधी की अगुवाई में लंबे समय से वोट षड्यंत्र के आरोप लगाती रही है। राहुल के नक्शे कदम पर चलते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव भी दिल्ली में वोट षड्यंत्र के आरोप लगाते रहे है।

## अपनी निश्चित हार देखकर आम आदमी पार्टी बौखला गई : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने आम आदमी पार्टी के आरोपों को लेकर कहा कि अपनी निश्चित हार देखकर आम आदमी पार्टी बौखला गई है। आप नेता दुर्गेश पाठक के आरोप पर मंत्री सूद ने एक्स पर उन्हें जवाब दिया कि मालूम हो दुर्गेश पाठक बूथ नंबर 33 नारायणा वार्ड में नहीं पड़ता है। आप अपनी हार को देखकर अभी से जिम्मेदारी से बचने का बहाना ढूंढ रहे हैं। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों का ही झूठ बोलकर राजनीति करने का तरीका रहा है। 33 नंबर बूथ 141 राजेन्द्र नगर वार्ड में है। झूठी चिट्ठी लिखवा कर सनसनी फैलाने से चुनाव नहीं जीता जाता। दरअसल दुर्गेश पाठक ने एक पत्र एक्स पर शेयर किया और लिखा कि दिल्ली एमसीडी उपचुनाव में मतदान शुरू होते ही बीजेपी की वोट चोरी का पर्दाफाश। नारायणा वार्ड के बूथ 33 पर घोर लापरवाही या कहें सुनियोजित वोट लूट, तभी सामने आई जब पूनम वोट डालने पहुंचीं और पता चला कि उनके नाम पर तो पहले ही फर्जी वोट डाल दी गई है।ये साफ दिखाता है कि बीजेपी उपचुनाव जीतने की उम्मीद छोड़ चुकी है और अब फर्जीवाड़े के सहारे लोकतंत्र को कलंकित कर रही है। इलेक्शन कमिशन बीजेपी के लिए काम कर रहा है, तभी तो कोई भी वोट डालने जा रहा है और बीजेपी के लोग इलेक्शन कमिशन की मदद से उसका वोट पहले ही डालकर जा चुके हैं। आपकी जानकारी के लिए, बीजेपी के चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित इस उपचुनाव की वोटर लिस्ट आपको भेज रहा हूँ। इसमें आप बूथ नंबर, स्थान और वोटरों की संख्या,तीनों देख सकते हैं। दम है तो कभी फ्री और फेयर चुनाव करवा कर दिखाइए,दिल्ली वाले आप सबकी जमानत जब्त करवा देंगे।

### निगम उपचुनाव मतदान : 'आप' ने भाजपा पर लगाया बेईमानी का आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की 12 सीटों के लिए रविवार को हुए मतदान को लेकर आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर बेईमानी करने का आरोप लगाया है। सौरभ ने रविवार को कहा कि दिल्ली के 12 एमसीडी वार्ड के अंदर उपचुनाव हैं जिसमें से 3 वार्ड आम आदमी पार्टी के हैं 9 वार्ड भाजपा के हैं। इस छोटे से चुनाव में भी भाजपा ने बेईमानी की। हमने कई इलाकों में उनको एक्सपोज किया कि कैसे भाजपा ने मतदान से पहले गरीबों लोगों को मंदिर पर इकट्ठा किया। वो वहां पर उनके साथ क्या कर रहे थे-पैसे बांट रहे थे कि लालच दे रहे थे इसकी जांच भी चुनाव आयोग ने नहीं किया। तो हमें लगता है कि जब भाजपा इतने छोटे चुनाव में इतनी बेईमानी कर रहे हैं तो बड़े चुनाव में क्या करते होंगे। सौरभ ने कहा कि दक्षिणीपुरी वार्ड में वहां के एसएचओ रहे रामपाल भाजपा के उम्मीदवार के साथ वोट मांग रहे हैं। लोगों के डरा रहे हैं और धमका रहे हैं लेकिन पुलिस कमिश्नर और निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में कोई भी जांच नहीं की।

## निगम उपचुनाव में भाजपा का प्रदर्शन होगा शानदार : सचदेवा

- सभी वार्डों में भाजपा की मेजों पर पर्ची बनवाते दिखे मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली में पहली बार एक साथ 12 नगर निगम वार्डों के उपचुनाव हुए और यह एक बिल्कुल नई परिस्थिति रही। मतदान के दौरान मैं स्वयं 7 वार्ड में गया और शेष जगह से भी कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक के आधार पर यह कह सकता हूं कि इन निगम उपचुनाव में भाजपा का प्रदर्शन शानदार होगा। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को दिल्ली नगर निगम उपचुनाव का मतदान खत्म होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सामान्यता दिल्ली के स्थानीय चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम रहता है और वही स्थिति आज निगम उपचुनाव में भी देखने को मिली पर संगठन पर आधारित पार्टी होने का लाभ भाजपा को मिलता दिखा क्योंकि सभी वार्डों में भाजपा की मेजों पर लोग वोटर पर्ची बनवाते दिखे।



### मतदान से पहले भाजपा प्रत्याशी सुबह पहुंचे मंदिर

वहीं, बताया गया कि सांसद कमलजीत सहरावत ने द्वारका बी वार्ड में, दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने चांदनी चौक वार्ड में और कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने अशोक विहार वार्ड में मतदान किया। सचदेवा ने कहा कि मतदान से पहले सभी भाजपा प्रत्याशी सुबह मंदिर गये और भगवान का आशीर्वाद लेकर स्वंय मतदान किया फिर चुनाव कार्य में जुड़े।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रामलीला पार्क, लालबाग में सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात' कार्यक्रम को रामलीला पार्क, लालबाग में स्थानीय नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुना। कार्यक्रम को सुनने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम हम सभी को जोड़ता है, प्रेरित करता है और यह विश्वास दिलाता है कि राष्ट्र का बदलाव तब सबसे मजबूत होता है जब हर नागरिक उसमें अपना सक्रिय योगदान देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के मन की बात में प्रधानमंत्री ने देशभर में चल रहे सामाजिक प्रयासों, सामूहिक भागीदारी और जन-जागरूकता को बढ़ाने वाले अनेक प्रेरक उदाहरण साझा किए। उन्होंने भव्य राम मंदिर पर धर्मध्वजा के आरोहण, संविधान दिवस, वंदे मातरम् के गौरवशाली 150 वर्ष, कुरुक्षेत्र में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण, प्राकृतिक खेती, काशी तमिल संगमम्, वोकल फार लोकल और उत्तराखंड के विंटर टूरिज्म जैसे अनेकों विषयों पर अपने विचार देशवासियों से साझा किए। उन्होंने उन नागरिकों की सराहना भी की, जो अपने छोटे–छोटे प्रयासों से समाज में बड़ा बदलाव ला रहे हैं।

## लव जिहाद से पीड़ित बहनों का दर्द किसी भी संवेदनशील मन को झकझोर देगा : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

लव जिहाद से पीड़ित बहनों का दर्द किसी भी संवदेनशील मन को झकझोर देता है। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के स्पीकर हाल में विश्व हिन्दू परिषद द्वारा आयोजित 'जिहाद पीड़ित बहनों की कहानी, उन्हीं की जुबानी' कार्यक्रम में लव जिहाद से पीड़ित बहनों से संवाद करने के बाद कही।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर उन बहादुर बहनों से संवाद किया। संवाद के दौरान इन बहनों ने बताया कि कैसे लव जिहाद की साजिशों ने उनका जीवन बर्बाद करने की कोशिश की, कैसे झूठी पहचान, धर्म परिवर्तन और मानसिक–शारीरिक उत्पीड़न ने उन्हें ऐसी भयावह स्थितियों में पहुंचा दिया, जिनकी कल्पना भी असहज कर देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीड़ित बहनों की कहानियां स्पष्ट कहती हैं कि यह कट्टरपंथी सोच अत्यंत भयानक है। धर्मांतरण को नया रूप देने वालों की इस प्रवृत्ति में नफरत है, विनाश है और स्त्रियों पर अक्षम्य अत्याचार है। इन साहसी बहनों की आवाज किसी चेतावनी से कम नहीं। आपकी यह पहल हज़ारों बेटियों को जागरूक करेगी, उन्हें सतर्क रहने की शक्ति देगी। कार्यक्रम में डॉ. अतिरा की पुस्तक का विमोचन भी किया। यह पुस्तक इन बहनों की सच्ची आपबीतियों का संग्रह है। इनके अनुभव हर माता-पिता और हर युवती के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ सिद्ध होंगे। बेटियों के भविष्य को सुरक्षित रखना हमारा प्रथम धर्म है। विश्व हिन्दू परिषद के इस अभियान में हम हर संभव सहायता और सहयोग देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के दिल्ली प्रांत अध्यक्ष कपिल खन्ना सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### पीड़ितों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है सरकार

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार का शोषण, चाहे वह भावनात्मक हो या शारीरिक, अपराध है और सरकार ऐसे मामलों में पीड़ितों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक मां और एक बेटी होने के नाते वह इन पीड़ित महिलाओं के दुख और संताप को केवल सुन नहीं रहीं, बल्कि भीतर तक महसूस कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने परिवारों से विशेष अपील की और कहा कि आज की बदलती परिस्थितियों में माता-पिता और अभिभावकों को बेटियों से संवाद बढ़ाना होगा, उनके मित्र बनना होगा, ताकि वे बिना भय के अपनी बात कह सकें।

### डीएमआरसी के इंजीनियरों ने उठाए कई कदम

# दिल्ली मेट्रो की एक और उपलब्धि, चालू रेड लाइन एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे किया सुरंग का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने इंजीनियरिंग में एक और नई उपलब्धि हासिल की है। डीएमआरसी ने बिना किसी रुकावट डाले एक चालू एलिवेटेड मेट्रो लाइन के नीचे गहरी सुरंग का निर्माण कर यह कारनामा कर दिखाया है। इस बारे में डीएमआरसी के कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि फेज़-चार के विस्तार कार्य के दौरान एक अनोखी इंजीनियरिंग कामयाबी हासिल की है। दिल्ली मेट्रो नेटवर्क की पहले से परिचालित रेड लाइन के नीचे पुलबंगश में भूमिगत सुरंग का सफलतापूर्वक निर्माण किया है। यह सुरंग मैजेंटा लाइन के जनकपुरी पश्चिम - आर. के. आश्रम मार्ग एक्सटेंशन के हिस्से के तौर पर बनाई गई है। उन्होंने बताया कि पुलबंगश और सदर बाज़ार स्टेशनों के बीच सुरंग बनाने का यह कार्य विशेष तौर पर कठिन था। क्योंकि ऊपर व्यस्त रेड लाइन पर ट्रेनें एक भी दिन नहीं रुकीं, जबकि टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) ने उस एलिवेटेड वायडक्ट के नीचे बेहद सावधानीपूर्वक सुरंग बनाने का जटिल निर्माण कार्य किया, जिस पर ट्रेनें चल रही थीं। इसके अलावा, यहां रेड लाइन वायडक्ट बैलेंस्ड कैंटिलीवर स्पैन के साथ खुली नींव पर बना है। ऐसे स्ट्रक्चर के नीचे सुरंग बनाने के लिए इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यधिक इंजीनियरिंग सावधानियों की जरूरत थी।

रेड लाइन के मौजूदा पियर के आस-पास के इलाके को मजबूत करने के लिए एक डिटेल्ड स्ट्रेटेजी अपनाई गई। जिसके तहत ट्यूब-ए- मैन चैट (टीएएम) नाम का एक ग्राउटिंग प्रोग्राम लागू किया गया। इस टेक्नोलॉजी के हिसाब से, पियर के आस-पास 180 टीएएम बोरहोल लगाए गए। उसके बाद, मिट्टी को स्थिर करने, खाली जगहों को भरने और इस प्रोसेस में लोड उठाने की क्षमता बढ़ाने के लिए हाई-स्ट्रेंथ सीमेंट ग्राउटिंग की गई। इसके अलावा, यह भी सुनिश्चित किया गया कि टनलिंग के दौरान मिट्टी के बैठने की सभी संभावनाएं समाप्त हो जाएं।



### बिल्डिंग की सुरक्षा को रियल-टाइम बेसिस किया गया मॉनिटर

यहां बेहद जटिल परिस्थितियों के चलते सुरंग निर्माण के दौरान भूमि में होने वाली हलचलों, पियर के व्यवहार और बिल्डिंग की सुरक्षा को रियल-टाइम बेसिस पर मॉनिटर करने के लिए व्यापक इंस्ट्रूमेंटेशन का इस्तेमाल किया गया था। इनमें सरफेस सेटलमेंट मार्कर, डीप इन क्लिनोमीटर, बिल्डिंग सेटलमेंट पॉइंट, पियर टिल्ट मीटर और लोड सेल, ऑटोमैटिक टोटल स्टेशन (एटीसी) जैसे कुछ अहम उपकरणों का उपयोग किया गया। इन उन्नत उपकरणों की रीडिंग पर नज़र रखने के लिए विशेषज्ञों को चौबीसों घंटे तैनात किया गया था। पूरे ऑपरेशन के दौरान सभी पैरामीटर तय सीमा के भीतर पाए गए। इस सेक्शन पर डाउनलाइन टनल का निर्माण कार्य अब पूरा हो गया है। अप-लाइन टनल पर भी उसी लेवल की सावधानी और मॉनिटरिंग के साथ काम चल रहा है। यह महत्वपूर्ण निर्माण कार्य था क्योंकि रेड लाइन पर हर दिन औसतन सात लाख यात्री यात्रा करते हैं। इस लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही में कोई भी रुकावट आने से लोगों को बहुत परेशानी होती।

## अवैध विज्ञापनों से एमसीडी को हो रहा है हर वर्ष करोड़ों में नुकसान

- निगम सदन और स्थायी समिति बैठकों में कई बार हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रशासन राजस्व अर्जित करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं को संचालित व लागू करता है लेकिन जिन स्त्रोतों से निगम प्रशासन को राजस्व की अधिक प्राप्ति हो सकती है, वहां निगम प्रशासन आंखू मूंदकर बैठा है या कहें कि एमसीडी के कुछ मलाईदार जोनों में खुलकर इंस्पेक्टर राज चल रहा है। बता दें कि सिविक सेंटर निगम मुख्यालय में में आयोजित होने की सदन और स्थायी समिति की बैठकों में अनेकों बार निगम पार्षदों ने विज्ञापन विभाग को पारदर्शी बनाने के लिए चर्चा की है, लेकिन निगम आयुक्त और विज्ञापन विभाग के उपायुक्त इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं ले पाए हैं, मसलन विज्ञापन नीति का जमकर उल्लंघन हो रहा है और हर वर्ष करोड़ों रुपए के बजट का नुकसान हो रहा है। बता दें कि हाल ही में आयोजित स्थायी समिति की बैठक में और पिछली बजट सत्र की बैठक में भाजपा पार्षदों ने निगम के विज्ञापन विभाग की कार्यशैली पर जमकर सवाल उठाए। वहीं, मीडिया के सवालों के प्रति भी दिल्ली नगर निगम प्रशासन अधिकतर समय चुप्पी साध लेता है। विज्ञापन से अर्जित होने वाले राजस्व संबंधी आंकड़े के बार में प्रेस एवं सूचना निदेशक से कई बार जानकारी मांगी लेकिन उन्होंने अभी तक कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। यानि इस बार कितना लक्ष्य रखा गया और कितना अर्जित किया गया।



### कहां जा रहा है विज्ञापन से अर्जित होने वाला राजस्व

भाजपा पार्षदों ने ही कहा कि दिल्ली में हर जगह दुकानों आदि पर नामी कंपनियों के बड़े बड़े विज्ञापन लगे हुए हैं जिनसे निगम को राजस्व प्राप्त हो सकता है लेकिन राजस्व कहां और किसकी जेब में जा रहा है, यह पता ही नहीं चल पाता हैं और इसकी जांच की बात कही जाती है तो चुप्पी साध ली जाती है। इसके साथ ही इन दिनों अब दीवारों पर भी बड़े बड़े विज्ञापन मुख्य मार्गों पर नजर आ रहे हैं। जो निगम के विज्ञापन विभाग को नजर नहीं आते हैं।

### उपायुक्त ने चलाया था पहाडगंज में अभियान

जानकारी के अनुसार बता दें कि करीब एक वर्ष पहले एमसीडी के विज्ञापन विभाग के उपायुक्त मोहित बंसल ने पहाड़गंज पुलिस स्टेशन से लेकर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की बीच अवैध विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध विज्ञापन व बड़े बड़े होर्डिंगों को बड़ी मशीनों से हटाया गया था लेकिन इसके बाद फिर से वहीं लग गए।

खबर संक्षेप

## ठगी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए सिम कार्ड अपग्रेड करने के नाम पर ठगी करने के एक मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-14 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना में शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसे 13 सितम्बर को कथित एयरटेल एजेंट का कॉल आया जिसने उसे सिम कार्ड को अपग्रेड करने के लिए कहा। नम्बर का एक्सेस ले लिया और उनके खाता से 11,22,799 रुपए निकाल लिए। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए अजय कुमार दास व अभिषेक दास धनबाद व अभिषेक तिवारी को गिरफ्तार किया है।

## पेंटरों ने की चोरी, तीन लोगों को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एवीटीएस-2 की टीम ने घर में पेंट का काम करने वाले तीन आरोपियों को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रामचन्द्र कॉलोनी फरीदाबाद निवासी एक महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि अक्टूबर माह में उसके घर पर पेंटिंग का काम चल रहा था। काम खत्म होने के कुछ दिन बाद जब उसने अपना सामान चेक किया तो पाया कि कोई उसके घर से उसके आभूषण चोरी करके ले गया। जिस शिकायत पर थाना सराय ख्वाजा में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

## मारपीट के मामले में 4 आरोपियों को दबोचा



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर.16 की टीम ने कार्रवाई करते हुये मारपीट के एक मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आशीष निवासी अजरौंदा फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 29 नवंबर को शाम के करीब 7.30 बजे जब वह उसके चाचा के लड़के राहुल के साथ फिट फ्यूल फिटनेस जिम, सेक्टर-16 से बाहर निकला तो उनकी गाड़ी के साथ पार्किंग में खडी दूसरी गाड़ी से एक लड़का निकला जिसने राहुल को पकड लिया और उसने आवाज देकर अपने अन्य साथियों को बुलाया, जिसके बाद गाडी से 6-7 और लडके लाठी डंडा व हथौड़ा के साथ आए और उन्होंने राहुल के साथ मारपीट की, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिस शिकायत पर थाना सेक्टर-17 में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने अमृता हॉस्पिटल में एएमआर नैक्स्ट 2025 का किया शुभारंभ

# सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत में नीति निर्माण, निगरानी और नवाचार को तेजी से आगे बढ़ाना: राज्य मंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

**खास बातें**

- दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया
- सम्मेलन में ग्लोबल हेल्थ लीडर्स, नीति निर्माताओं, वैज्ञानिकों और इनोवेटर्स ने हिस्सा लिया



अमृता अस्पताल के प्रशासनिक निदेशक स्वामी निजामृतानंद पुरी महाराज अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत करते हुए।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि भारत ने वन हेल्थ फ्रेमवर्क के आधार पर नेशनल एक्शन प्लान बनाया है, लैब क्षमता बढ़ाई है और ग्लोबल सर्विलांस डेटा सांझा कर रहा है। श्रीमती अनुप्रिया पटेल अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद में दो दिवसीय सम्मेलन एएमआर नैक्स्ट 2025 का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थी।

इस मौके पर अमृता अस्पताल के प्रशासनिक निदेशक स्वामी निजामृतानंद पुरी जी महाराज ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

दो दिवसीय सम्मेलन एएमआर नैक्स्ट 2025 का विषय था सुरक्षित भविष्य के लिए एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टैंस से निपटने की रणनीति। सम्मेलन में ग्लोबल हेल्थ लीडर्स, नीति निर्माताओं, वैज्ञानिकों और इनोवेटर्स ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य भारत में नीति निर्माण, निगरानी और नवाचार को तेजी से आगे बढ़ाना और मानव, जानवर एवं पर्यावरण की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। भारत बैक्टीरियल संक्रमण के उच्चतम भार वाले देशों में शामिल है। नेशनल एएमआर सर्वियलेंस के अनुसार ई,कोली, क्लेबसियेला निमोनिए, स्टेफी लोकोकस ऑरियस और एसिनेटोबैक्टर बॉमानी में रेजिस्टैंस चिंताजनक स्तर पर है। आईसीएमआर के आंकड़ों के अनुसार ई.कोली के खिलाफ सेफ्टाडिईम की प्रभावशीलता में मामूली सुधार हुआ है, लेकिन कार्बापेनेम्स और कोलिस्टिन के प्रति रेजिस्टैंस बढ़ रहा है।

सम्मेलन में विशेषज्ञों ने ए.एम.आर बढ़ने के कई कारण बताए, जैसे संक्रामक रोगों का भारए एंटीबायोटिक का अत्यधिक और अनुचित प्रयोगए ओटीसी दवा की उपलब्धताए अपर्याप्त डायग्नोस्टिक निगरानी और फार्मास्युटिकल कचरे से जल स्त्रोतों का प्रदूषण। इसके चलते मरीजों को लंबी हॉस्पिटल भर्ती, उपचार की बढ़ती लागत और अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ का सामना करना पड़ सकता है।

मुख्य सत्रों में डायग्नोस्टिक और एंटीमाइक्रोबियल निगरानी, नए थेरेप्यूटिक्स के नवाचार, पर्यावरण व कृषि के एएमआर पहलू, लैब नेटवर्क सुदृढ़ीकरण और नीति व क्रॉस-बॉर्डर सहयोग पर चर्चा की गई। डिजिटल हेल्थ और संक्रमण रोकने की तकनीकियों का भी प्रदर्शन हुआ।

### आमजन की समस्याएं न सुनने वाले अधिकारियों पर की जाएगी उचित कार्रवाई

# 42 लाख से ज्यादा की लागत से बनेगी मुरारी विहार की गलियां: विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

**विधायक शर्मा ने पीएम मोदी के मन की बात सुनी स्वदेशी को अपनाने का संदेश दिया**



विधायक मूलचंद शर्मा मुरारी विहार में सडक़ निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए।

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने आज बल्लभगढ़ विधानसभा के मुरारी वबहार क्षेत्र में लगभग 42 लाख रुपये से अधिक की लागत से आरएमसी से बनने वाली 6 गलियों के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य लगातार जारी हैं। सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ क्षेत्र में सीवर लाइन, पानी की लाइन, सडक़ों समेत सभी आवश्यक सुविधाओं का तेजी से निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ में रिकॉर्ड स्तर पर विकास कार्य हुए हैं और आगे भी विकास की गति को किसी भी तरह से कम नहीं होने दिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में क्षेत्र का चौतरफा विकास किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आमजन की यदि कोई अधिकारी समस्याएं नहीं सुनता है तो उसके बारे में उन्हें जरूर बताएं ताकि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ भी उचित कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, पार्षद सोनू वैष्णव, पार्षद योगेश शर्मा, पारस जैन, मुकेश सोरोत, सुषमा यादव, जेपी मास्टर, सुखबीर वशिष्ठ, राजकुमार शर्मा, इंद्रजीत, खेमचंद शर्मा सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने इसके बाद गर्ग कॉलोनी में नए ट्यूबवेल निर्माण कार्य का भी विधिवत मुहूर्त किया, वार्ड 46 मुरारी विहार में विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने आमजन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का संदेश देते हुए लोगों से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। स्वदेशी अपनाओ के पंपलेट भी वितरित किए गए।

### ग्रामीणों ने नारियल फोड़कर कार्य की नींव रखी

# जोहड़ :43 लाख रुपए के लागत से पार्क का होगा निर्माण कार्य: डिप्टी मेयर



जोहड़ के सौंदर्यीकरण शिलान्यास करते डिप्टी मेयर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

मानेसर नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीन यादव ने रविवार को निगम क्षेत्र के गांव झुंडसराय में एक करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से जोहड़ व पार्क के सौंदर्यीकरण के कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने एक बुजुर्ग ग्रामीण के साथ मिलकर नारियल फोड़कर शिलान्यास कार्य की नींव रखी। जोहड़ में स्थानीय लोगों के सैर और व्यायाम के लिए ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। इसी के साथ जोहड़ की चारदिवारी भी की जाएगी, जिससे भविष्य में अतिक्रमण से बचाव हो सके। इस दौरान ग्रामीणों ने सीनियर डिप्टी मेयर के समक्ष गांव की अन्य मांगें भी रखी। प्रवीन यादव ने उनकी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और प्राथमिकता से समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सौंदर्यीकरण के कार्यों व निगम क्षेत्र में अन्य विकास के कामों में कोई कोताही न बरती जाए। विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए पारदर्शिता बनाए रखें।

उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम की ओर से निगम क्षेत्र के सभी गांवों का विकास करवाया जाएगा। गांव झुंडसराय में जिस प्रकार जोहड़ व पार्क के कामों की शुरूआत हुई है, उसी प्रकार पानी, सीवर, साफ-सफाई के कार्यों को भी पूरा किया जाएगा। निगम क्षेत्रवासियों को पीने का साफ पानी, सीवर, स्ट्रीट लाइट, सड़कें आदि मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना नगर निगम का कर्तव्य है।

इस मौके पर उनके साथ पार्षद कंवरपाल, बालकिशन, मनोनीत पार्षद किरोड़ी तंवर सहित नगर निगम के अधिकारी व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### नगर निगम फरीदाबाद शीतकालीन पौधा वितरण कार्यक्रम

# फूलों से महकेगा फरीदाबाद शहर: मेयर जोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



नगर निगम फरीदाबाद द्वारा आयोजित विशेष शीतिकालीन पुष्प पौधा वितरण कार्यक्रम के तहत आज शहर में भव्य पौधा वितरण अभियान चलाया गया। नगर निगम की इस पहल को शहरवासियों से शानदार सहयोग मिला। शहर को सुंदर, हरा-भरा एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में उठाए गए इस कदम के अंतर्गत आज कुल 50 लाख पौधे निःशुल्क वितरित किए गए। यह कार्यक्रम सेक्टर 12 टाउन पार्क के पास आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने कार्यक्रम में पहुंचकर पौधों का वितरण किया और लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि निगम का उद्देश्य न केवल शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाना है बल्कि नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है।

### हनुमान मंदिर का 78 वां स्थापना दिवस धूमझाम से मनाया

# महावीर मंदिर के स्थापना दिवस पर हवन यज्ञ एवं प्रसाद वितरण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट श्री महावीर मंदिर प्राचीन हनुमान मंदिर महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद का 78वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सेवादार टेकचन्द नन्द्राजोग उर्फ टोनी पहलवान, पंकज सिंगला उपाध्यक्ष भाजपा फरीदाबाद, सतपाल चौधरी, चुन्नी लाल चोपड़ा, दिनेश छाबड़ा, रमेश चौधरी, धीरज वधवा, पिंटू सैनी, कमल नन्द्राजोग, विनोद कुमार, प्रेमवीर सिंह राहत, पवन अरोड़ा, पंडित धीरज शास्त्री पदम सैनी, चरण सिंह सैनी, योगेश चावला, बजरंग सिंगला आदि।

### आरोपी को पुलिस ने 3 दिन के रिमांड पर लिया

# टेलिग्राम टास्क के नाम पर एक लाख 58 हजार रुपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद




साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने कार्रवाई करते हुए टेलिग्राम टास्क के नाम पर धोखाधड़ी करने के एक मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-77 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके टेलिग्राम पर एक लिंक आया जिस पर क्लिक करते ही वह एक टेलिग्राम ग्रुप से जुड गया। जहां उसे गुगल पर रिव्यु के टास्क कर पैसे कमाने बारे बताया गया। जिसके बाद उसने उनके कहेनुसार काम करना शुरू किया और उन्होंने उससे टास्क के नाम पर 1,58,700 रूपए विभिन्न खाता में ट्रांसफर करवा लिये। जब उसने पैसा निकाने को कहा तो उन्होंने उसे बताया की उसका खाता फ्रिज हो गया जिसको शुरू करने के लिए उन्होंने उससे और पैसों की मांग की। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने कार्रवाई करते हुए वसीम खान निवासी गांव नीम सार्क जिला सीतापुर उप्र को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वसीम ने प्रभु दयाल खाताधारक का खाता लेकर आगे ठगों को दिया था। वसीन पीवीसी पेनल लगाने का काम करता है। खाताधारक प्रभु दयाल को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। माननीय अदालत में पेश कर आरोपी को 3 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### पुलिस जांच में जुटी

# गाजियाबाद में दरोगा के इकलौते पुत्र को निगम के टैंकर ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



मृतक की फाइल फोटो

कवि नगर थाना क्षेत्र में नगर निगम के टैंकर ने एक दरोगा के बेटे को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। टैंकर का चालक क्योंकि दरोगा के गांव का ही निवासी है और दोनों परिवारों में रंजीत चल रही है। इसलिए पीड़ित परिजन को शक है की युवक की हत्या की गई है । मरने वाला युवक दरोगा का एकलौता पुत्र था। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

एसीपी सूर्य बली मौर्य ने बताया कि नगर निगम का टैंकर वहां राजापुर के पास पानी का छिड़काव कर रहा था। तभी मोटरसाइकिल पर जा रहे शिवम चौधरी नामक युवक को उसने टक्कर मार दी। शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया उसे नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। शिवम राजापुर गांव निवासी दरोगा कृष्णपाल चौधरी का पुत्र है। उसकी उम्र 24 साल है। वह अपने पिता की इकलौती संतान था। दरोगा कृष्णपाल चौधरी पड़ोसी जिले बुलंदशहर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के चालक हैं ।

### साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर सूचित करें

# साइबर थाना की टीम ने 3 मामलों का निस्तारण कर 27 साइबर अपराधी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा साइबर अपराधियों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। 22 से 28 नवंबर के बीच कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह में 27 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है व 18,58,000 रुपए बरामद किये हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 13 मुकदमों में कार्रवाही करते हुए 27 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना एनआईटी के 4, सेंट्रल के 3 व बल्लभगढ़ के 6 मामले शामिल है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने 18,58,000 रूपए बरामद किये हैं। इसी प्रकार 241 शिकायतों का निस्तारण कर 3,94,073 खातों में फ्रिज कराये हैं। यह कार्रवाई साइबर थानों की टीम ने 22 से 28 नवंबर तक एक सप्ताह के दौरान की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में यस्शवी सिसोदिया, कृष्णा, मो. कादिर, धर्मेन्द्र, अनुज गुप्ता, अभिषेक सैनी, रोशन, लेखराज मीणा, गोविंदा सिंह, बिप्लव कुमार, गौरव, अशोक चौधरी, मो. आजम अंसारी, पंकज, दीपक कश्यप, दीपक, बोबी तोमर, हेम श्रीवास्तव, कृष्ण श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, अमन, प्रवीन, बिजेन्द्र, पवन यादव, अजय यादव, योगेन्द्र मेहरा व सुखदीप सिंह का नाम शामिल है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर ठगी के अपराध बढ़ रहे हैं, जिनका मुख्य कारण लोगों का जागरूक न होना व लालच है।

### फरीदाबाद जिले के 877 बूथों पर श्रवण किया गया मन की बात का 128 वां एपिसोड

# मन की बात के माध्यम से पीएम मोदी ने वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की अपील की: कृष्णपाल गुर्जर

**पंकज पूजन रामपाल ने कहा-मन की बात समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सोच और ऊर्जा प्रदान करता है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम केवल प्रधानमंत्री का संवाद नहीं, बल्कि 125 करोड़ देश वासियों के हृदय से जुड़ी एक भावनात्मक कड़ी है, जो हमारे भीतर राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध जगाती है।

उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के 128 वें एपिसोड में मोदी जी ने वोकल फॉर लोकल की भावना को मजबूत करने की अपील की और कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर पर आयोजित गीता महोत्सव, अयोध्या में श्री राम मंदिर धर्मध्वजा और वन्दे मातरम के 150 वर्ष पर भी अपने विचार सांझा किये। पीएम मोदी ने खाद्यान्न में ऐतिहासिक रिकॉर्ड से लेकर भारत की उपलब्धियों, अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की ऊंची उड़ान, विंटर टूरिज्म, भारत को राष्ट्रमंडल खेल आदि मुद्दों पर भी विस्तृत प्रकाश डाला।

**समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की सोच ऊर्जा प्रदान करता है**

जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम हमें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सोच और ऊर्जा प्रदान करता है। जब कार्यकर्ता बूथ स्तर पर एकजुट होकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुनते और उन्हें व्यवहार में लाने का संकल्प लेते हैं, तब राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया और अधिक मजबूत होती है। फरीदाबाद जिले के सभी 877 बूथों पर उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ मन की बात को सुना जाना, हमारे संगठन की शक्ति का प्रतीक है। भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम न केवल जन-जन से संवाद का माध्यम है, बल्कि इससे राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा मिलती है।

# तेजधार हथियार से गला रेतकर युवक की हत्या

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना एरिया में तेजधार हथियार से गला रेतकर युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। युवक का शव गांव कांकरौला के गंदे नाले में मिला है। जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हत्या का केस दर्ज कर लिया और कार्रवाई शुरु कर दी। जानकारी अनुसार, शनिवार की सांय को राहगीरों ने गांव कांकरौला के गंदे नाले में एक शव देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया। मृतक की अभी पहचान नहीं हुई है और उसकी उम्र करीब 35 साल बताई गई है। उसका शव फूलकर पानी के ऊपर आया हुआ था। पुलिस को कोई दस्तावेज या पहचानपत्र नहीं मिला, ताकि शव की पहचान हो सके। पुलिस मृत युवक की पहचान करने के प्रयास कर रही है। आशंका है कि युवक की हत्या करने के बाद बाद शव को सबूत मिटाने और पहचान छिपाने के इरादे से नाले में फेंका गया था। पुलिस का मानना है कि युवक का शव ज्यादा पुराना नहीं है।

### पुलिस ने अब तक 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है

# डिजिटल अरेस्ट कर 2.92 करोड़ की ठगी करने का आरोपी वीजा कंसल्टेंट अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट करके 2.92 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में गुजरात से वीजा कंसल्टेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने भाई के माध्यम से साइबर ठगों को बैंक अकाउंट मुहैया कराए थे। उस अकाउंट का प्रयोग करके 39 लाख रुपए ठगने की वारदात को अंजाम दिया गया था।

पुलिस ने इस केस में अब तक वीजा कंसल्टेंट व उसके भाई सहित 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। दरअसल, साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस में बीती चार दिसंबर को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि उसके बेटे के पास एक व्हाट्सएप पर ऑडियो कॉल आया। जिसमें बताया गया कि इसके बेटे के आधार कार्ड का हवाला के काम में प्रयोग हुआ है। जब उसने मना किया तो उन्होंने केस दर्ज कराने की बात कही और एक सीबीआई अफसर से वीडियो कॉल करके डिजिटल अरेस्ट करने की बात कही। हवाला केस में शामिल होने का डर दिखाकर उन्होंने अलग-अलग बैंक खातों में कुल 02.92 करोड़ रुपए ट्रांसफर करवा लिए।

पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। मामले में एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान की अगुवाई में साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस ने 17 अरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

